कार्यालय महालेखाकार (लेखापरीक्षा) बिहार,पटना

सं. हि.अ./ले.प./प्रहरी/34/अंक66/2021-22/ हि-361
दिनांक : 03.01.2022

विषय :- 'प्रहरी' पत्रिका के 66वें अंक के प्रकाशनार्थ रचनाओं हेतु आमंत्रण ।

महालेखाकार (लेखापरीक्षा) महोदय की अध्यक्षता में जुलाई-सितम्बर 2021 तिमाही के लिए दिनांक 18/10/2021 को आयोजित राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक में यह निर्णय लिया गया कि कार्यालयीन गृह पत्रिका 'प्रहरी' के 65वें अंक के प्रकाशन के बाद इसके अगले अंक (ई-पत्रिका) के प्रकाशन हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाय ।

आदेश के अनुपालन में इस कार्यालय की गृह पत्रिका 'प्रहरी' के आगामी अंक हेतु कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों से हिन्दी में स्वरचित आलेख, निबन्ध, कहानी, कविता, लघुकथा, हास्य व्यंग्य, संस्मरण, यात्रा वृतान्त आदि आमंत्रित की जाती है । विभागीय विषयों, राजभाषा एवं कार्यालय के कार्यकलापों से संबंधित रचनाओं को प्राथमिकता दी जाएगी ।

रचनाएँ सादे कागज पर सुस्पष्ट लिखित/टंकित होनी चाहिए । रचना के मौलिक होने का प्रमाणपत्र के साथ रचनाकार की एक छायाचित्र एवं मोबाईल नं. के उल्लेख के साथ 31.01.2022 तक हिंदी अनुभाग या मनोज कुमार नं.1, (संपादक 'प्रहरी') वरीय लेखापरीक्षा अधिकारी (मोबाईल नं. 943142155) को समर्पित की जा सकती है । प्रकाशित रचनाओं के रचनाकारों को मानदेय देने का भी प्रावधान है ।

कार्यालयीन पत्रिका के प्रकाशन में कार्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी की सहभागिता अपेक्षित है ।

अतः वरीय लेखापरीक्षा अधिकारी/सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी से अनुरोध है कि स्वयं एवं अपने अधीनस्थ अधिकारी एवं कर्मचारी को पत्रिका प्रकाशन में सहयोग हेतु प्रेरित करें एवं अवगत करायें ।

ह/-
वरीय लेखापरीक्षा अधिकारी (हिन्दी)

सं. हि.अ./ले.प./प्रहरी/34/अंक66/2021-22/ दिनांक:

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित :-

- महालेखाकार(ले.प.) का सचिवालय
- वरीय उपमहालेखाकार (प्रशासन) का सचिवालय
- सभी उपमहालेखाकार का सचिवालय
- सभी अनुभाग
- सूचना पट्ट/कार्यालय वेवसाईट

03/01/2022

वरीय लेखापरीक्षा अधिकारी (हिन्दी)